**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 3039 / का०-25 / 74 दिनांक 25-4-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः– **मीडिया पर प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'किन्तूर में जल जीवन मिशन की योजना शोपीस बनी : लाखों खर्च के बाद भी लोग पानी को तरस रहे हैं'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय ग्रामीण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत किन्तूर पेयजल योजना, विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर योजना वर्ष 2018 में पूर्णतया क्रियाशील अवस्था में ग्राम पंचायत को हस्तगत की गयी थी। योजना का समुचित रख रखाव व संचालन न होने के कारण योजना से आंशिक जलापूर्ति की जा रही थी। योजना को पुनः अनुरक्षण एवं संचालन के लिए जल निगम(ग्रामीण) द्वारा वापस लिया गया है। मुख्यालय स्तर से अनुरक्षण एवं संचालन हेतु फर्म मै0 यूनिवर्सल एमईपी चयनित की गयी है, जिसके द्वारा माह जून, 2026 से उक्त योजना का अनुरक्षण एवं संचालन प्रारम्भ किया गया है। फर्म द्वारा योजनान्तर्गत समस्त घरों में पेयजल आपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही अवगत कराना है कि योजना के समुचित संचालन हेतु रू0 347.40 लाख का प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु मुख्यालय प्रेषित किया गया है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।




भवदीय,

(अमित कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
5– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
6– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री आर्यन सिंह, सहा0अभि0।
8– प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 यूनिवर्सल, बाराबंकी को इस निर्देश के साथ कि उक्त प्रकरण का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।


**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner

# Daily reports of Barabanki related to Jal Nigam

**किंतूर में जल जीवन मिशन की योजना शोपीस बनी:लाखों खर्च के बाद भी लोग पानी को तरस रहे हैं**

**निशेष कुमार | किंतूर(सिरौली गौसपुर), बाराबंकी2 घंटे पहले**



सड़क जर्जर।

ग्राम पंचायत किंतूर में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई जल आपूर्ति योजना एक शोपीस बनकर रह गई है। लाखों रुपये की लागत से तैयार की गई इस परियोजना के बावजूद, ग्रामीण आज भी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं।

योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइनें और नल कनेक्शन निष्क्रिय पड़े हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस परियोजना पर भारी-भरकम राशि खर्च की गई थी, लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों को अपनी दैनिक जरूरतों के लिए दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति के कारण जल जीवन मिशन के उद्देश्यों पर सवाल उठ रहे हैं।

Scanned with OKEN Scanner

# Daily reports of Barabanki related to Jal Nigam




ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बनी तो दो टंकियां बनाई गई पर एक संचालित है दूसरी संचालित ही नहीं हुई और पवन अंकित जानकी प्रसाद राजेश कुमार रियाज आदि लोगों ने बताया कि पानी आता ही नहीं है

वही इस संबंध में जल निगम अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द कमियां को दुरुस्त करके सुचारू रूप से चालू कर दिया जाएगा

Scanned with OKEN Scanner